12

मोटापा घटाना चूहों से सीखें

14

सूक्ष्मजीव विज्ञान के तीन सुनहरे युग

भारत के प्राचीन वृक्ष

19

तुंगुस्का की पहेली

28

## अगस्त में विज्ञान दिवस

- 02 अगस्तः ***प्रफुलचंद्र रॉय*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1861 में हुआ था। आपने भारत की सबसे पहली स्वदेशी दवा कंपनी की स्थापना की थी।
- 06 अगस्तः जापान के ***हिरोशिमा*** शहर पर अमेरिका द्वारा परमाणु बम गिराया गया था।
- 09 अगस्तः अमेरिका ने एक बार फिर जापान के ***नागासाकी*** शहर पर परमाणु बम गिराया।
- 09 अगस्तः ***एमिडियो एवोगैड्रो*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1776 में हुआ था। ***एवोगैड्रो*** ने मोल की अवधारणा दी और परमाणु व अणु में भेद किया। एवोगैड्रो के नियम से परमाणु भार की गुत्थी सुलझी थी।
- 10 अगस्तः ***मनाली कलात वेनु बापू*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1927 में हुआ था। ***वेनु बापू*** ने संयुक्त रूप से तारों के वायुमंडल में एक प्रभाव की खोज की थी जिसे विलसन-बापू प्रभाव कहते हैं।
- 12 अगस्तः ***डॉ. विक्रम साराभाई*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1919 में हुआ था। ***साराभाई*** भारतीय भौतिक शास्त्री थे। उन्हें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक कहा जाता है।
- 15 अगस्तः ***लुई डी ब्रॉगली*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1892 में हुआ था। 1929 में उन्हें भौतिकी के लिए नोबल पुरस्कार दिया गया। उन्होंने इलेक्ट्रॉन की तरंग प्रकृति पर बुनियादी सैद्धांतिक काम किया।
- 23 अगस्तः ***जॉर्जेस कुवियर*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1769 में हुआ था। ***कुवियर*** एक फ्रेन्च प्रकृतिविद और प्राणीविद थे।
- 30 अगस्तः ***अर्नेस्ट रदरफोर्ड*** का जन्म दिन है। उनका जन्म 1871 में हुआ था। ***रदरफोर्ड*** ब्रिटिश भौतिक शास्त्री थे। उन्हें फादर ऑफ न्यूक्लियर फिज़िक्स के नाम से जाना जाता है।